राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

NSS Dinesh 25 Sep, 2023

राजकीय स्नातक महाविद्यालय सराहां में आज दिनांक 25 सितंबर 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ अनीता ठाकुर द्वारा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्या महोदया द्वारा सरस्वती माता के चरणों में द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने सरस्वती वंदना तथा राष्ट्रीय सेवा योजना गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी प्रोफेसर दिनेश कुमार द्वारा मुख्य अतिथि, प्राध्यापकों तथा स्वयंसेवियो का स्वागत किया गया तथा राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। उसके पश्चात स्वयंसेवी श्रुति शर्मा तथा जिनिया शर्मा ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व, उद्देश्यों तथा आदर्श वाक्य मैं नहीं,बल्कि आप' (Not Me But You) पर प्रकाश डाला। इस दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत स्वयंसेवियों ने हिमाचली, पंजाबी तथा हरियाणवी गीत व नृत्य प्रस्तुत किए। प्राचार्या महोदया ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उद्देश्य छात्रों के व्यक्तित्व और चरित्र के विकास के साथ-साथ राष्ट्र सेवा के लिए उन्हें जागरूक करना है। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई अध्यक्ष आकाश ने मुख्य अतिथि, प्राध्यापकों तथा स्वयंसेवियो का धन्यवाद किया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।